<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>
## <u>प्रतापपुर एवं इंदरपुर के किसानों की सभा आयोजित</u>

पंतनगर 11 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के खरपतवार नियंत्रण शोध परियोजना, सस्य विज्ञान विभाग द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना के अंतर्गत ग्राम प्रतापपुर एवं इंदरपुर के किसानों की सभा आयोजित की गई। सभा का संचालन परियोजनाधिकारी, डा. तेज प्रताप ने किया। उन्होंने परियोजना के मुख्य उददेश्यों के बारे में बताते हुए कहा कि किसानों तक खरपतवार प्रबंधन से संबंधित नई तकनीकियों को पहुंचना है, जिससे किसानों को वांछित उत्पादन मिल सके। परियोजना के वरिष्ठ वैज्ञानिक, डा. एस.पी. सिंह ने धान में सीधी बुवाई एवं खरपतवार नियंत्रण से संबंधित समस्याओं के बारे में बताते हुए कहा कि अगर धान में नई तकनीकियों से खरपतवारों को प्रारम्भ में ही नियंत्रित कर लिया जाये तो रोपित धान की अपेक्षा ज्यादा लाभ मिलता है। डा. सिंह ने सीधी धान की बोवाई हैप्पी सीडर से करने की सलाह दी, जिसमें पराली का भी उपयोग कर लिया जाता है। परियोजना द्वारा अनुसूचित जाति सब प्लान के तहत कृषकों को स्प्रेयर प्रदान किया गया। किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं का वैज्ञानिकों द्वारा समाधान किया गया। सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रतापपुर के प्रधान श्री चंद्र प्रकाश सिंह ने की, जिसमें उपप्रधान श्री विजय शाही एवं 115 किसान उपस्थित थे।




*कार्यक्रम में खरपतवार नियंत्रण संबंधित नई तकनीकियों की जानकारी देते वैज्ञानिक।*